संतोषी माता चालीसा

(Santoshi Mata Chalisa)

॥संतोषी माता चालीसा॥

भक्तन को सन्तोष दे सन्तोषी तव नाम ।
कृपा करहु जगदम्ब अब आया तेरे धाम ॥

॥ चौपाई ॥
जय सन्तोषी मात अनूपम ।
शान्ति दायिनी रूप मनोरम ॥

सुन्दर वरण चतुर्भुज रूपा ।
वेश मनोहर ललित अनुपा ॥

श्वेताम्बर रूप मनहारी ।
माँ तुम्हारी छवि जग से न्यारी ॥

दिव्य स्वरूपा आयत लोचन ।
दर्शन से हो संकट मोचन ॥ 4 ॥

जय गणेश की सुता भवानी ।
रिद्धि- सिद्धि की पुत्री ज्ञानी ॥

अगम अगोचर तुम्हरी माया ।
सब पर करो कृपा की छाया ॥

नाम अनेक तुम्हारे माता ।
अखिल विश्व है तुमको ध्याता ॥

तुमने रूप अनेकों धारे ।
को कहि सके चरित्र तुम्हारे ॥ 8 ॥

धाम अनेक कहाँ तक कहिये ।
सुमिरन तब करके सुख लहिये ॥

विन्ध्याचल में विन्ध्यवासिनी ।
कोटेश्वर सरस्वती सुहासिनी ॥

कलकत्ते में तू ही काली ।
दुष्ट नाशिनी महाकराली ॥

सम्बल पुर बहुचरा कहाती ।
भक्तजनों का दुःख मिटाती ॥ 12 ॥

ज्वाला जी में ज्वाला देवी ।
पूजत नित्य भक्त जन सेवी ॥

नगर बम्बई की महारानी ।
महा लक्ष्मी तुम कल्याणी ॥

मदुरा में मीनाक्षी तुम हो ।
सुख दुख सबकी साक्षी तुम हो ॥

राजनगर में तुम जगदम्बे ।
बनी भद्रकाली तुम अम्बे ॥ 16 ॥

पावागढ़ में दुर्गा माता ।
अखिल विश्व तेरा यश गाता ॥

काशी पुराधीश्वरी माता ।
अन्नपूर्णा नाम सुहाता ॥

सर्वानन्द करो कल्याणी ।
तुम्हीं शारदा अमृत वाणी ॥

तुम्हरी महिमा जल में थल में ।
दुःख दारिद्र सब मेटो पल में ॥ 20 ॥

जेते ऋषि और मुनीशा ।
नारद देव और देवेशा ।

इस जगती के नर और नारी ।
ध्यान धरत हैं मात तुम्हारी ॥

जापर कृपा तुम्हारी होती ।
वह पाता भक्ति का मोती ॥

दुःख दारिद्र संकट मिट जाता ।
ध्यान तुम्हारा जो जन ध्याता ॥ 24 ॥

जो जन तुम्हरी महिमा गावै ।
ध्यान तुम्हारा कर सुख पावै ॥

जो मन राखे शुद्ध भावना ।
ताकी पूरण करो कामना ॥

कुमति निवारि सुमति की दात्री ।
जयति जयति माता जगधात्री ॥

शुक्रवार का दिवस सुहावन ।
जो व्रत करे तुम्हारा पावन ॥ 28 ॥

गुड़ छोले का भोग लगावै ।
कथा तुम्हारी सुने सुनावै ॥

विधिवत पूजा करे तुम्हारी ।
फिर प्रसाद पावे शुभकारी ॥

शक्ति-सामरथ हो जो धनको ।
दान-दक्षिणा दे विप्रन को ॥

वे जगती के नर औ नारी ।
मनवांछित फल पावें भारी ॥ 32 ॥

जो जन शरण तुम्हारी जावे ।
सो निश्चय भव से तर जावे ॥

तुम्हरो ध्यान कुमारी ध्यावे ।
निश्चय मनवांछित वर पावै ॥

सधवा पूजा करे तुम्हारी ।
अमर सुहागिन हो वह नारी ॥

विधवा धर के ध्यान तुम्हारा ।
भवसागर से उतरे पारा ॥ 36 ॥

जयति जयति जय संकट हरणी ।
विघ्न विनाशन मंगल करनी ॥

हम पर संकट है अति भारी ।
वेगि खबर लो मात हमारी ॥

निशिदिन ध्यान तुम्हारो ध्याता ।
देह भक्ति वर हम को माता ॥

यह चालीसा जो नित गावे ।
सो भवसागर से तर जावे ॥ 40 ॥

॥ दोहा ॥
संतोषी माँ के सदा बंदहूँ पग निश वास ।
पूर्ण मनोरथ हो सकल मात हरौ भव त्रास ॥

॥ इति श्री संतोषी माता चालीसा ॥

****

Santoshi Mata Chalisa (in English)

bhakton ko santosh de santoshee tav naam ll
krpa karahu jagadamb ab aaya tere dhaam ll

ll chaupaee ll
jay santoshee maatopam ll
shaanti daayinee roop manoram ll

sundar varn chaturbhuj roopa ll
ve manohar lalit anupa ll

vaaltetaambar roop manahaaree ll
maan banee chhavi jag se nyaaree ll

divy svaroopa aayat lochan ll
darshan se ho sankat mochan ll 4 ll

jay ganesh kee suta bhavaanee ll
riddhi-siddhi kee putree gyaanee ll

agam agochar tumhaaree maaya ll
sab par karo krpa kee chhaaya ll

naam anek faif maata ll
sampoorn angrejee hai tumako dhyaata ll

tum roop anekon dhaare ll
ko kahi saake charitra ll 8 ll

dhaam anek kahaan tak kahiye ll
sumiran tab karake sukh lahae ll

vindhyaachal mein vindhyavaasinee ll
koteshvar sarasvatee suhaasinee ll

kalakatte mein too hee kaalee ll
dusht naashinee mahaakaraalee ll

sambal pur bahuchara kahaatee ll
bhakton ka duhkh duhkhatee ll 12 ll

boot jee mein boot devee ll
poojat nity bhakt jan sevee ll

nagar bambee kee mahaaraanee ll
maha lakshmee tum kalyaanee ll

madura mein meenaakshee tum ho ll
sukh duhkh gavaah tum ho ll

raajanagar mein tum jagadambe ll
basee bhadrakaalee tum ambe ll 16 ll

paavaagadh mein durga maata ll
akhil anamol taara yash gaata ll

kaashee puraadhi vaalvaaree maata ll
annapoorna naam suhaata ll

sarvaanand kalyaanakaaronee ll
tumheen saarada amrt vaanee ll

teree mahima jal mein thal mein ll
duhkh daaridr sab meto pal mein ll 20ll

jete rshi aur munisha ll
naarad dev aur devesha ll

is jagatee ke nar aur naaree ll
dhyaan dharat he maata vivaah ll

jaapar krpa vivaah hona ll
vah paata bhakti ka motee ll

duhkh daaridr sankat mit jaata hai ll
dhyaan jo jan dhyaan ll 24 ll

jo jan teree mahima gaavai ll
dhyaan de kar sukh paavai ll

jo man raakhe shuddh bhaavana ॥
taakee pooran karo kaamana ॥

kumati nivaaree sumati kee daatree ॥
jayati jayati maata jagadhaatree ॥

shukravaar ka din suhaavan ॥
jo vrat kare pavitr ॥ 28 ॥

gud chhole ka bhog lagaayaavai ॥
katha sune sunaavai ॥

antim pooja kare vivaah ॥
phir prasaad paave shubhakaaree ॥

shakti-samarath ho jo dhanako ॥
daan-dakshina de vipran ko ॥

ve jagatee ke nar au naaree ॥
manavaanchhit phal paaven bhaaree ॥ 32 ॥

jo jan sharan jaave ॥
so nishchayachaay bhav se tar jaave ॥

tummharo dhyaan kumaaree dhyaave ॥
nishchit manavaanchhit var paavai ॥

saadhava pooja kare vivaah ll
amar suhaagin ho vah naaree ll

vidhava dharm ke dhyaan ll
bhavasaagar se utara paara ll 36 ll

jayati jayati jay sankat haranee ll
vighn vinaashan mangal karana ll

ham par sankat bahut bhaaree hai ll
vegee khabar lo mat hamaaree ll

nishidin dhyaan tumhaaro dhyaata ll
deh bhakti var hamako maata ll

yah chaaleesa jo nit gaave ll
so bhavasaagar se tar jaave ll 40 ll

ll doha ll

santoshee maan ke sada bandahoon pag nish vaas ll
poorn manorath ho sakal maat harau bhav traas ll

ll iti Shree Santoshi maata chalisa ll

****